दिनांक 21.07.2024 समय: 2.10PM

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भो□ाल

दो□हर समाचार

पीएम–विश्व धरोहर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम 7 बजे नई दिल्ली के भारत मंडपम में विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे सभा को भी संबोधित करेंगे। श्री मोदी ने विश्व धरोहर समिति की बैठक की मेजबानी भारत को मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा है कि यह बैठक देश की विरासत के संरक्षण के लिए वैचारिक आदान–प्रदान का महत्वपूर्ण मंच है। बैठक इस महीने की 31 तारीख तक जारी रहेगी।

....

बजट सत्र/सर्वदलीय–बैठक

संसद का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है और वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन मंगलवार को लोकसभा में वर्ष 2024–25 के लिए केन्द्रीय बजट पेश करेंगी। नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट होगा। इस सत्र में सरकार छह नए विधेयक पेश कर सकती है।

इस बीच आज बजट सत्र के पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। बैठक के खत्म होने के बाद NCP नेता प्रफुल्ल पटेल ने कहा, "आने वाले बजट सत्र में किन विषयों पर चर्चा होनी चाहिए उसके लिए यह बैठक बुलाई गई। सरकार तीसरी बार आने के बाद मुख्य कार्यों को लेकर ये पहला सत्र होगा। सभी ने अपने–अपने सुझाव दिए। कई पार्टियों ने राज्यों के विषय के बारे में भी बात की।" बैठक में केन्दीय मंत्री राजनाथ सिंह, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, जगत प्रकाश नड्डा, चिराग पासवान, रामदास आठवले और कांग्रेस नेता जयराम रमेश, डी.एम.के. नेता टी.आर. बालू और तिरुचि शिवा के अलावा असदुद्दीन औवेसी ने भी भाग लिया।

....

गुरु पूर्णिमा

आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सुबह से प्रदेष के विभिन्न आश्रमों और मंदिरों में गुरू पूजन के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर समस्त देश व प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि सरकार ने शिक्षकों के सम्मान में विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का नाम कुलगुरू करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है, कुलगुरु परंपरा सदियों से चली आ रही है और अपनी इन्हीं संस्कृति, शिक्षा व जीवन शैली के आधार पर भारत दुनिया का सदैव नेतृत्व करता रहा है। इस बीच मुख्यमंत्री इंदौर के देवी अहिल्या विष्वविद्यालय में आयोजित किये जा रहे गुरू पूर्णिमा कार्यक्रम में षामिल हुए। खंडवा में दादाजी धूनीवालों के धाम में आज लाखों श्रद्धालुओं पहुंच रहे हैं। भोपाल के करूणाधाम और गुफा मंदिर में गुरू पूजन के कार्यक्रम आयोजित किये गए हैं। छतरपुर के बागेष्वर धाम में पांच दीवसीय महोत्सव मनाया जा रहा है। दतिया के पीताम्बरा पीठ और चित्रकूट के गुरूकुलों में भी कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। धार के मनावर में मां अम्बिका आश्रम में 50 हजार से अधिक भक्त पहुंच चुके हैं। सीहोर के कुबरेष्वर धाम में दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया है। उज्जैन, जबलपुर, रतलाम, आगरमालवा, षिवपुरी सहित विभिन्न जिलों में गुरु पूर्णिमा पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

....

उत्तराखण्ड–केदारनाथ–भूस्खलन

उत्तराखण्ड के रुद्रप्रयाग जिले में आज सुबह केदारनाथ मार्ग पर छिदवासा के निकट भूस्खलन में तीन श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई और पांच घायल हो गए। मृतकों में दो महाराष्ट्र के हैं और एक स्थानीय निवासी है। ये श्रद्धालु गोरीकुण्ड से केदारनाथ जा रहे थे।

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल और स्थानीय पुलिस ने तुरन्त ही बचाव अभियान शुरू कर दिया है। घायल श्रद्धालुओं को उपचार के लिए रुद्रप्रयाग के गौरीकुण्ड प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रद्धालुओं की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है।

....

बारिष–मौसम

प्रदेष में बारिष का दौर जारी है। भोपाल बैतूल, नर्मदापुरम में आज सुबह से बारिष हो रही है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक प्रदेष में तेज बारिष का अलर्ट जारी किया है। बैतूल के सारणी में सतपुड़ा बांध के 14 में से 11 गेट खोल दिए हैं। नर्मदापुरम के पचमड़ी में लेंड स्लाइड से कई रास्ते बंद हो गए हैं। प्रदेष के सीवनी जिले में अब तक 18 इंच से अधिक बारिष हो चुकी है, जो सामान्य से 3 इंच अधिक है।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- आगरमालवा जिला मुख्यालय स्थित वास्तु पूज्य तारकधाम मंदिर से पशुपतिनाथ मंदिर तक सड़क बनाई जायेगी। अतिक्रमण हटते ही सड़क निर्माण कार्य शुरू होगा।
- शिवपुरी जिले में शिक्षा विभाग ने कल निजी स्कूल संचालकों के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में निजी स्कूल संचालकों से फीस गणवेश और पुस्तकों को लेकर निर्धारित गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए।
- महिला एशिया कप ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट टूर्नामेंट में आज श्रीलंका के रनगिरि दाम्बुला इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत का मुकाबला संयुक्त अरब अमीरात से है। इस मैच में भारत की जीत उसके लिए सेमीफाइनल में जगह निश्चित कर देगी।

....